

एक नजर में

## 10 अगस्त को धार में एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन



**धार।** केंद्रीय नेतृत्व निर्देशानुसार केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार महू लोकसभा क्षेत्र सांसद सावित्री ठाकुर द्वारा आयोजित एक राष्ट एक चुनाव के तहत राष्टव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मलेन विक्रम सभा गृह आडिटोरियम पीजी कॉलेज धार में 10 अगस्त रविवार को आयोजित किया जाएगा। राष्टव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मलेन की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार विक्रम वर्मा जी तथा मुख्य वक्ता के रूप में महापौर इंदौर एवं वन नेशन वन इलेक्शन प्रदेश सह संयोजक पुष्यमित्र भार्गव जी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा दव्य जिला अध्यक्ष जनप्रतिनिधि गण, प्रबुद्धजन समेत विभिन्न समाज वर्ग प्रमुख सेवा निवर्तमान अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## सरदारपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 9 सड़कों की मिली स्वीकृति

**सरदारपुर।** तहसील मे प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के चतुर्थ चरण मे 83 सडको का निर्माण होगा। सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा विभाग को प्रेषित प्रस्तावो को मंजूरी मिली है जिससे आने वाले समय मे डामरीकरण सडक बनने के बाद ग्रामीणो को आवागमन मे सुविधा मिलेगी। विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र मे भी प्रश्न लगाकर ग्रामीण क्षैत्र मे सडको के निर्माण की मांग रखी, जिसमे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा जवाब दिया गया कि 9 सडको को केन्द्र एवं राज्य दोनो स्तर से मंजूरी मिली है जिसमे सेमलिया से केरिया, सुनारिया से आम्बापाडा, तिरला-चैबारा रोड से मोरपीपली, राजगढ-पारा रोड से अमझर, चालनीमाता-सरोदा रोड से गुराडिया, कुमारूण्डी से तलावपाडा, चाकलिया से दहीडिया, टिमायची से लिमडीखेडा, खरेली से नयापुरा रोड शामिल है। वही जिन 74 सडको की राज्य स्तर से मंजूरी मिली है एवं केन्द्र सरकार को स्वीकृती का प्रस्ताव भेजा है उसमे लाबरिया-दसई रोड से सेमलखेडीखुर्द, तिरला-मानगढ रोड से उमरियाखुर्द, खलघाट-मांगोद रोड से कटारापुरा, खलघाट-मांगोद रोड से नयापुरा, सरदारपुर-बदनावर रोड से टिमचखेडा, सरदारपुर-बदनावर रोड से झिंझापाडा, रिंगनोद से मालपुरिया, उण्डेड से करमदिया, राजगढ-कुक्षी रोड से मवडी, रिंगनोद से उजाडिया, उजाडिया से बयडीपुरा, भीलखेडी-रंगपुरा रोड से कटारा फलिया, गुमानपुरा-तिरला रोड से टंकीपुरा, राजगढ-पारा रोड से तडवी मजरा इंचुर, राजगढ-पारा रोड से इंचुर, भोपावर-इमलीपुरा से सुल्तानपुरा, बिछिया से नयापुरा, बरमण्डल से भेरूपाडा, तिरला-चोबारा रोड से बोरवाणी, चालनीमाता-सरोदा रोड से फिफरपाडा, सुल्तानपुर से नयापुरा, रघुनाथपुरा से गुण्डिया टोडी, मसारपाडा से गुलरीपाडा, दसई से सुरजपुरा, सेमलिया से बाण्डीखाली, सुहाना से नई बस्ती, महापुरा से उण्डाखाल, आम्बा रोड से स्कुलपुरा, आम्बा से नयागॉव, पिपल्याभान से नई बस्ती, पिपल्याभान से चोकीदार मोहल्ला, बरमखेडी-पंचरूण्डी रोड से टाट्याखेडी, अकोलिया से कालीरूण्डी, अकोलिया से बगासा, सिन्दुरिया से पांचमवडा, सिन्दुरिया से लालजीपाडा, बोदली से नयापुरा, बीडपाडा से चोकीरूण्डा, रूणी से ईमलीपाडा, रूणी से काचरोटिया, सरदारपुर-बदनावर रोड से गंगातलई, सरदारपुर-बदनावर रोड से जुलवानिया, लाबरिया से कालीखमाड, लाबरिया से बांकड, बांकड से बोरदीखुर्द, भानगढ टिमायची रोड से केलुवाड, नेशनल हाईवे से अवार फलिया माछलिया, भमती से भाबर फलिया, सरदारपुर-बदनावर रोड से रामनगर, सरदारपुर-बदनावर रोड से लालसिंगपाडा, बिमरोड से लिमडी फलिया, लाबरिया-दसई रोड से चोटिया, लाबरिया-दसई रोड से जैयन्तीमाता, खुंटपला से रेतीखोदरा, पदमपुरा से निहालपुरा, लाबरिया-दसई रोड से नाहरखाली, बरमण्डल से भेरूपाडा, जौलाना देदला रोड से जुलवानियाकला, फुलकीपाडा रोड से रामनगर, फुलकीपाडा रोड से कुण्डालपाडा, जौलाना देदला रोड से जुलवानियाखुर्द, सरदारपुर-बालोदा रोड से आनन्दखेडी, मौलाना से काटानेस गुवाडी, नेशनल हाईवे फुलगॉवडी से बाण्डीखाली, रघुनाथपुरा से पग्गीटोडी, बोरखेडी से नयापुरा, हनुमन्त्या पदमपुरा से तलावपाडा, सलवा-नान्दना रोड से लालगढ, सरदारपुर-बदनावर रोड से सलवाखेडी, कानवन-मांगोद रोड से तिखीरूण्डी, कुलडीपाडा से आम्बापाडा, भाटियाबर्डी से नाडा फलिया तक डामरीकरण सडक मार्ग शामिल है जिनकी आगामी समय मे केन्द्र स्तर से स्वीकृती के बाद निर्माण होगा।यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

## राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर बीमांकन की तिथि बढ़ाई

**धार,** ।उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ 2025 मौसम का बीमांकन बैंक द्वारा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर किया जा रहा है। फसल बीमा पोर्टल पर ऋणी एवं अऋणी कृषकों का बीमांकन की प्रगति तथा केसीसी सेचुरेशन काफी कम है। इस कारण भारत सरकार द्वारा कृषक हित में खरीफ 2025 मौसमत में बैंको द्वारा ऋणी कृषकों का प्रीमियम नामे करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त एवं अऋणी कृषकों हेतु 14 अगस्त 2025 तक बढाई गई है। जिले की समस्त बैंको/शाखाओं को निर्देशित किया है कि वे उक्त दिए गए निर्देशानुसार ऋणी एवं अऋणी कृषकों का बीमा करवाये।

## कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 15 अगस्त तक आमंत्रित

**धार** 07 अगस्त 2025। प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गरडावद ने बताया कि (सीबीएसई संबंद्ध) सत्र 2025-26 में कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों के लिये वाणिज्य संकाय में केवल अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 15 अगस्त तक जमा करा सकते है। आवेदन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा होंगे। विद्यार्थियों का चयन कक्षा 10वीं की अंकसूची के परीक्षा परिणाम के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्था में कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।





# रक्षाबंधन पर 'वोकल फॉर लोकल' ने बदल दिया बाजार का मिजाज

**भाइयों की कलाई पर सजेगी स्वदेशी राखी**

**साप्ताहिक हाट बाजार में दिखी रौनक**

**पंडित संजय कुमार मिश्रा**

**सिंघाना.** रक्षाबंधन पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे सिंघाना के बाजार की रौनक ब?ती जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी गुरुवार हाटबाजार से चार दिन पहले से राखियों का बाजार सज चुका था, लेकिन इस बार कुछ अलग नजारा है। कुछ साल पहले तक स्थानीय बाजार में चाइनीज राखियों का बोलबाला हुआ करता था। इस बार स्वदेशी राखियों की चमक बाजार में देखने मिल रही है। स्वदेशी राखियों की मांग में जबरदस्त उछाल आया है और चाइनीज राखियों को लोगों ने लगभग नकार ही दिया है। बाजारों में अब केवल नाममात्र की चाइनीज राखियां ही दिखाई दे रही हैं। दुकानदार बताते हैं कि उन्होंने चाइनीज राखियों की स्टॉकिंग की थी, लेकिन ग्राहकों का रुझान पूरी तरह से देसी राखियों की ओर है। सूती धागे से हस्त निर्मित राखियो की मांग अधिक है, इस बार खरीदारों की प्राथमिकता पारंपरिक, हस्तशिल्प और स्थानीय डिजाइनों पर आधारित राखियां हैं। दुकानदार दीपक राठौड़ और मुकेश लोहार कहते हैं, स्टोन, मौली, रुद्राक्ष और इलेक्ट्रॉनिक डिजाइनों में बनी राखियों की मांग सबसे अधिक है। वहीं भाई-भाभी की जोड़ी वाली राखियों, ब्रेसलेट टाइप राखियों और कड़े जैसी डिजाइन वाली राखियां भी खूब बिक रही हैं। सिंघाना का साप्ताहिक हाट बाजार गुरुवार के दिन राखियों की चमक से भरा रहा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं राखियां खरीदती हुई नजर आई। साथ ही साथ नारियल के बढ़ते दामों को देखते हुए महिलाएं दुकानदारों से मोल भाव करते हुए नजर आई इस वर्ष नारियल 35 से 40 रुपए तक सिंघाना में बिक रहा है। व्यापारियों को पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अच्छे व्यापार की उम्मीद है।

**चांदी की राखियां 200 रुपए से शुरू-**पंकज पाटीदार लीला श्री ज्वेलर्स ने बताया कि इस बार बाजार में चांदी की राखियों की भी डिमांड काफी बढ़ी है। चांदी से बनी चेन और ब्रेसलेट लुक वाली राखियां, जो 3 ग्राम से लेकर 30 ग्राम तक की होती हैं, 200 से 2000 रुपए की रेंज में उपलब्ध हैं। जगन्नाथ ज्वेलर्स के ओनर बताते हैं, चांदी की राखियां सिर्फ एक दिन की शोभा नहीं होतीं, इन्हें साल भर ब्रेसलेट की तरह पहना जा सकता है। झण्डा चौक बाजार, मेन मार्केट, बस स्टैंड में राखियों की दुकानों पर भीड़ लगी हुई है।

**रेजिन फोटो वाली रखियो की लोकप्रियता बड़ी-** रेजिन वाली रखियो की बहुत मांग है,भारत में रेजिन कला एक उभरती हुई कला है, और इसकी लोकप्रियता संस्कृति और हस्तनिर्मित, अद्वितीय वस्तुओं की बढ़ती मांग के साथ बढ़ रही है। इस के चलते हस्तनिर्मित रेजिन की रखियो की लोकप्रियता बनी हुई है, आंचल चोयल ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से रेजिन वर्क की लोकप्रियता बड़ी है राखी जैसे त्योहार पर भी रेजिन वर्क को बड़ा महत्व मिला है मध्य प्रदेश के कई जिलों से मनपसंद राखियां बनवाने के आर्डर प्राप्त हुए हैं जिसमें मनपसंद फोटो, नाम और अनेक प्रकार की आकृति वाली राखियां पसंद की जा रही है।

### *लाइटिंग की राखियां बच्चों की पहली पसंद*

लाइटिंग की राखियां बच्चों की पहली पसंद बनी हुई है। इसके अलावा टेडीबीयर, मोटू-पतलू, छोटा भीम, छुटकी, लिटिल सिंघम, बेनटेन आदि कार्टून कैरेक्टर सबसे ज्यादा पसंद की जा रही हैं। राखी के साथ-साथ रक्षाबंधन को लेकर गिफ्ट का बाजार भी गुलजार है। रक्षाबंधन पर अपनी बहन को देने के लिए भाई कॉफी मग से लेकर सोने-चांदी के बने ब्रेसलेट तक की खरीदारी कर रहे हैं। इसके अलावा परफ्यूम, टेडी बियर, चॉकलेट पैक जैसे गिफ्ट की भी भरमार है। कुछ भाई अपने बहनों के लिए आभूषणों की भी खरीदारी कर रहे हैं। राखी को लेकर सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल शुरू हो जा रही है। शाम ढलते ही दुकानों में भी? उम? रही है। बहुत सी बहनें भाइयों के लिए चांदी से बनीं राखियां खरीद रही हैं। चांदी की राखियों में प्यारे भैया, मेरे ब्रदर, मिक्की माउस की राखियां तथा ब्रेसलेट काफी पसंद किए जा रहे हैं।

### पिछले साल की तुलना में इस वर्ष राखी के दाम में बढ़ोतरी 5

रुपए से लेकर 250 रुपए तक की राखियां उपलब्ध हैं। मिठाई, कपड़े और साड़ियों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। इस बार राखी के साथ-साथ जन्माष्टमी की तैयारियां भी बाजारों में दिख रही हैं। व्यापारियों के मुताबिक निमाड़ क्षेत्र में रक्षाबंधन से लेकर जन्माष्टमी तक त्योहारों की धूम रहती है। मेन बाजार में राखियों की दुकानें जन्माष्टमी तक लगी रहेंगी ।ज्योतिषाचार्य पंडित सावन (गोलू) मंडलोई ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन का पर्व शुभ योग में आ रहा है। 8 अगस्त को दोपहर 2=12 बजे से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होगी, जो 9 अगस्त को दोपहर 1=24 बजे तक रहेगी। हालांकि 8 अगस्त को भद्रा काल रहेगा, जो 9 अगस्त की रात 1=52 बजे तक चलेगा। ऐसे में राखी का पर्व 9 अगस्त को मनाया जाएगा और इस दिन सुबह 5=21 से दोपहर 1=24 बजे तक राखी बांधना शुभ रहेगा।

## 11 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार सरदारपुर के सिविल हॉस्पिटल का 12 अगस्त को लोकार्पण होगा

**सरदारपुर । पुराने अस्पताल भवन में अस्पताल मेंमरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था,,, लेकिन नए भवन में शिफ्ट होने के बाद मरीज को मिलेगा पूरा फायदा खास करके लाडली बहना, डिलीवरी के लिए आने वाली माता को काफी दिक्कत हो रही थी जीने कई बार बाहर सुलाना पड़ता था जिससे बहुत दिक्कत है आ रही थी**



दरअलस सरदारपुर का 2 मंजिला सिविल अस्पताल भवन करीब 2 माह से बनकर तैयार हो चुका हैं। लेकिन इसका लोकार्पण नहीं होने से पुराने भवन में ही अस्पताल संचालित हो रहा था। अब 12 अगस्त को इसका लोकापर्ण होगा। जिमसें प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्रि ठाकुर भी मौजूद रहेंगी।

बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष नीलेश भारती, सरदारपुर एसडीएम आशा परमार, एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार, जनपद सीईओ मारिषा शिंदे सहित अन्य अधिकारियों ने अस्पताल भवन का निरीक्षण कर कार्यक्रम की रूप रेखा तय की। इस दौरान पूर्व विधायक वेलसिह भूरिया, भाजपा नेता नवीन बानिया, धर्मेंद्र मंडलोई, राकेश पटेल, डॉ. बलबहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुनील गाम? व पप्पू गाम?, मंडल अध्यक्ष ओंकार जाट, मदन चोयल व गिरधारी भाबर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवा सिंगार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोहन पटेल सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।जिलाध्यक्ष बोले- अस्पताल जिले को बड़ी सौगात-जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने कहा कि यह सिविल हॉस्पिटल भाजपा सरकार की धार जिले को बहुत बडी सौगात हैं। इसमे सारी सुविधाएं हैं।

## सूनी नहीं रहेगी कैदियों की कलाई, बहनों को 9 अगस्त को सुबह 8 से 2 बजे तक मिलेगा मौका

**धार,** ।जिला जेल में भाई-बहन के स्नेह का पर्व 9 अगस्त को मनाया जायेगा। इस पर्व पर जेल में बंद अपने भाई की सुनी कलाई सजाने के लिए चितिंत बहनों के लिए अच्छी खबर है। जेल प्रशासन ने बहनों को अपने भाईयों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर राखी बांधने के लिए अनुमति देने की घोषणा की है।

जेल अधीक्षक आर.आर.डांगी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन जेल विभाग भोपल के द्वारा जारी आदेश के पालन में जिला जेल धार में 9 अगस्त को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जेल गेट के अंदर प्रत्यक्ष मुलाकात व राखी बांधने का कार्यकम रखा जायेगा। इच्छुक बहनें अपने बंदी भाई को राखी बांध सकती है। थाली, कुमकुम की व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा कराई जायेगी। प्रशासनिक व्यवस्था व सुरक्षा के साथ आयोजन किया जायेगा। इच्छुक बहने शांति व्यवस्था के साथ अपने भाईयों से मिलकर राखी बांध सकती है।

### इन निर्देशों का करना होगा पालन

रक्षाबंधन पर केवल महिलाओं को मुलाकात दी जायेगी, मुलाकात का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, समय सीमा 15 मिनिट की रहेगी, बहनो के साथ छः वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा, मुलाकात पंजीयन के लिए फोटोयुक्त परिचय-पत्र अथवा आधार कार्ड की छायाप्रति साथ होना अनिवार्य है। एक बंदी से एक ही बार मुलाकात होगी। सभी बहनें एक साथ आए। स्टील की थाली जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। जेल का महिला स्टाफें प्रतिबंधित वस्तुओं की जांच करेगी। मिठाई, लड्डू जेल कैंटीन से क्रय करके ही दिए जा सकते है। बगैर राखी के किसी भी महिला, बहन को जेल प्रवेश नहीं दिया जावेगा आदि इन वस्तुओं पर प्रतिबंध रहेगा। इसी प्रकार महिलाएं अपने साथ झोला, बैग, पर्स, केरीबेग आदि गेट के अंदर नही ला सकेगी। इसके अलावा नकद राशि, मोबाईल, नशीली वस्तुए धारदार वस्तुएं मिठाई की अनुमति नहीं होगी। नियम एवं निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**एक नजर** प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली से डायरेक्टर सुश्री रेशमा रघुनाथन नायर द्वारा योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन हेतु अधिकारियों की बैठक ली

# हितधारकों और लाभार्थियों की समस्याएं एवं उनके समाधान पर चर्चा की

**धार,** महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत मिशन सक्षम आंगनवाडी केन्द्र एवं पोषण 2.0 के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति देखने प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली से डायरेक्टर सुश्री रेशमा रघुनाथन नायर बुधवार को धार दौरे पर पहुंची। इस दौरे का व्यापक उद्देश्य योजना के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को समझना, प्रमुख हितधारकों और लाभार्थियों के साथ बातचीत करना, अच्छी प्रथाओं और क्षेत्र स्तरीय चुनौतियों की पहचान करना आदि है।



प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली से डायरेक्टर सुश्री रेशमा रघुनाथन नायर द्वारा बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में क्षेत्रीय अमले के साथ बैठक की। जिसमें भारत सरकार द्वारा पोषण 2.0 अन्तर्गत प्रारम्भ किये गये पोषण ट्रेकर एप के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई एवं एप के विभिन्न पहलुओं यथा हितधारकों और लाभार्थियों का एप में पंजीकरण, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियां, मेजरिंग एफिशिएंसी की स्थिति, पोषण आहार वितरण की स्थिति, फेस रिकग्निशन सिस्टम अन्तर्गत आने वाली क्षेत्र स्तरीय चुनौतियां साथ ही पोषण ट्रेकर एप से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को जो? जाने के संबंध में आ रही समस्याएं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

सुश्री नायर द्वारा धार जिले में अति कम वजन, कम वजन के बच्चों को ठीक करने हेतु किये जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें पोषण पुनर्वास केन्द्रों में प्रथम त्रैमास में बेड ऑक्यूपेंसी की स्थिति पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा की जाकर इस व्यवस्था को और अधिक सुदृ? कैसे बनाया जा सकता है पर चर्चा की गई। साथ ही धार जिले में कम वजन के बच्चों हेतु प्रमुख हस्तक्षेप जिनमें प्रतिमाह आयोजित होने वाले स्वास्थ्य जांच शिविरों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं का वितरण एवं पोषण ट्रेकर एप में उक्त स्थिति की प्रविष्टि पर विस्तार से चर्चा की जाकर जिले में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। जिले में चयनित 508 सक्षम आंगनवा?ी केन्द्रों के संबंध में किये जा रहे कार्य यथा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पोषण वाटिका का निर्माण तथा इन केन्द्रों में प्रदाय की जाने वाली सामग्रियों का विवरण प्राप्त किया साथ ही आंगनवाडी केन्द्रों के भवन एवं शौचालय निर्माण, आंगनवाडी केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल प्रदान की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही आंगनवाडी केन्द्रों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृ? बनाने हेतु किये जा सकने वाले प्रयासों पर विभाग के मैदानी अमले से चर्चा की गई।

इसी तारतम्य में गुरूवार को प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली की डायरेक्टर सुश्री रेशमा रघुनाथन नायर द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के साथ धार जिले के देलमी, देदला और पाडल्या आंगनवा?ी केन्द्रों का भ्रमण कर प्रमुख हितधारकों और लाभार्थियों जिनमें बच्चे और गर्भवती एवं धात्री महिलाएं सम्मिलित थीं के साथ बातचीत की गई। साथ ही सक्षम आंगनवा?ी केन्द्र अन्तर्गत व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। जिनमें आंगनवा?ी भवन, स्वच्छ पेयजल प्रदान, शौचालय निर्माण, कम वजन के बच्चों हेतु प्रमुख हस्तक्षेप जिनमें प्रतिमाह आयोजित होने वाले स्वास्थ्य जांच शिविरों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं का वितरण एवं पोषण ट्रेकर एप में उक्त स्थिति की प्रविष्टि, पोषण ट्रेकर एप के विभिन्न पहलुओं यथा हितधारकों और लाभार्थियों का एप में पंजीकरण, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियां, मेजरिंग एफिशिएंसी की स्थिति, पोषण आहार वितरण की स्थिति, फेस रिकग्निशन सिस्टम, शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा अन्तर्गत बच्चों द्वारा की गई गतिविधियों का अवलोकन भी किया गया। इसके अलावा पोषण ट्रेकर एप के संचालन एवं चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की गई। आंगनवाडी केन्द्र देदला अन्तर्गत आंगनवाडीी कार्यकर्ताओं एवं हितग्राहियों द्वारा मंगल दिवस आयोजन का मॉडल प्रस्तुत किया तथा इस संबंध में सम्पूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया साथ ही आंगनवाडी केन्द्र में पौधरोपण भी किया गया। उक्त भ्रमण में नवकिरण कौर सहायक कलेक्टर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री सुभाष जैन उपस्थित रहे।

### आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर लाभार्थियों से चर्चा की

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, सहायक कलेक्टर नवकिरण कौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, जिला समन्वयक सर्वशिक्षा अभियान तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे। डायरेक्टर सुश्री नायर द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों का भ्रमण कर हितधारकों और लाभार्थियों से चर्चा की